RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 48 • 1:03:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## होली से हीटवेव की आशंका, फिर करवट लेगा मौसम!



### मार्च के लिए मौसम वैज्ञानिकों ने की बड़ी भविष्यवाणी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में फरवरी का महीना खत्म होने को है। इसके बावजूद सुबह-सुबह और रात में ठंड बरकरार है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राजधानी दिल्ली में पिछले 16 साल में फरवरी में सबसे ठंडी रातें और सुबह की शुरुआत दर्ज की गई। महीने के अंत तक हवा में सर्दी का अहसास बकरकार है। अधिकांश दिनों में धूप निकलने के बावजूद, दिन का तापमान भी फरवरी में पांच वर्षों में सबसे कम था। इसके बावजूद गर्मी को लेकर वेदर एक्सपर्ट्स की भविष्यवाणी ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। वेदर साइंटिस्टों का कहना है कि इस बार होली से ही हीटवेव दस्तक दे देगा। मीडिया रिपोर्ट में आईएमडी के पूर्व महानिदेशक केजे रमेश के हवाले बताया गया है कि प्री-मॉनसून सीजन में इस बार भी बीते दो साल की तर्ज पर ही जारी रहेगा। आईएमडी के अनुसार इस साल होली के आसपास देश के सभी राज्यों में हीटवेव चल सकती है। इसके पीछे पहली वजह है कि होली इस बार मार्च के अंतिम सप्ताह में है। वहीं, दक्षिण भारत में फरवरी की शुरुआत में ही तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। स्थिति यह है कि दक्षिण भारत में अभी दिन का तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। महाराष्ट्र



और ओडिशा समेत कुछ राज्यों में अभी तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। वेदर एक्सपर्ट का कहना है कि हम मौसमी चक्र के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जब सर्दी खत्म होने के तुरंत बाद गर्मी दस्तक देने लगी है। ऐसे में वसंत का दौर काफी कम या नहीं के बराबर हो गया है। दुनिया भर के मौसम पर अलनीनो का असर साफ दिख रहा है। अलनीनो के कारण प्रशांत महासागर ही नहीं बंगाल की खाड़ी के साथ ही अरब सागर की सतह के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह बीते एक वर्ष में सामान्य से अधिक दर्ज हुआ है। पिछले साल देश में हीटवेव दक्षिण भारत में तीन मार्च से शुरू हुई थी। लू की यह स्थिति देशभर में मई के तीसरे सप्ताह तक रही थी। वहीं, 2022 में हीटवेव 11 मार्च से शुरू होकर देशभर में जून के पहले सप्ताह तक बरकरार थी।

## कनाडा संग तल्ख रिश्तों की आग में झुलस रहे युवाओं के सपने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले साल सितंबर से ही कनाडा और भारत के बीच चल रही तनातनी और खराब रिश्तों की आंच उन भारतीयों पर पड़ी है, जो सात समंदर पार कर कनाडा में स्थायी रूप से बसने के सपने देख रहे थे। नई दिल्ली और ओटावा के बीच द्विपक्षीय तनाव का असर इमिग्रेशन पैटर्न पर देखा गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि दिसंबर 2023 में कनाडा में स्थायी निवास के लिए भारतीयों के



आवेदनों की संख्या में 62 फीसदी से अधिक की कमी आई है। बड़े पैमाने पर युवा भारतीय कनाडा में बसने के सपने संजोते हैं। खासकर पंजाब में इसे लेकर बड़ा क्रेज है। कनाडा सरकार के आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले यानी दिसंबर 2022 में ऐसे आवेदनों की संख्या 16796 थी जो दिसंबर 2023 में घटकर 6329 रह गई है। भारतीयों द्वारा आवेदन में कमी करने की प्रवृति 2023 के आखिरी तिमाही में भी जारी रही।

## हिमाचल में क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेस विधायक अयोग्य

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल विधानसभा के स्पीकर कुलदीप पठानिया ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेसी विधायकों को अयोग्य करार दे दिया है। उन्हें पार्टी व्हिप के उल्लंघन का दोषी माना गया है। हिमाचल के इतिहास में पहली बार विधायकों पर ऐसी कार्रवाई की गई है। स्पीकर ने कहा, ये लोग आया राम, गया राम की पॉलिटिक्स कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। इन लोगों ने खुद



एंटी डिफेक्शन लॉ को न्योता दिया। हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने विधायकों के निष्कासन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा- विधायकों की नाराजगी जायज है, फैसला हाईकमान को लेना है वहीं बीजेपी ने कहा कि अयोग्य विधायक हमारे ही होंगे। इस फैसले से हिमाचल की कांग्रेस सरकार गिरने का खतरा टल गया है। हिमाचल में कुल 68 विधायक हैं। इस फैसले के बाद कांग्रेस के पास अब 34 एमएलए बचे हैं। भाजपा के 25 विधायक हैं जबकि 3 निर्दलीय हैं। अगर 3 निर्दलीय और भाजपा मिलते हैं तो भी 28 ही विधायक हो रहे हैं।

## यूएन में भारत बोला-पाकिस्तान खून में डूबा हुआ देश

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** यूएन में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो खून में डूबा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया था। भारत ने अपने राइट टु रिप्लाई (जवाब देने के अधिकार) का इस्तेमाल करते हुए कहा- जिस देश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न संस्थाएं करती हों और जिसका मानवाधिकार रिकॉर्ड वास्तव में खराब है, उसे भारत के खिलाफ बयान देने का अधिकार नहीं है। बुधवार को जेनेवा में



हो रहे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सेशन के हाई लेवल सेगमेंट में फर्स्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने कहा- हम उस देश पर और ज्यादा ध्यान नहीं दे सकते जो दुनिया भर के आतंकियों को पनाह देता है। ऐसा देश जो लाल रंग (खून) में डूबा हुआ है। उनके अपने लोगों को शर्मिंदगी महसूस होती है कि उनकी सरकार उनके हितों के लिए काम करने में नाकाम रही है। अनुपमा सिंह ने कहा- पाकिस्तान ने बार-बार भारत का जिक्र किया। यह बहुत निराशाजनक है कि परिषद के मंच पर भारत के बारे में खुलेआम झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

## धुआंधार रफ्तार से दौड़ी इकॉनमी, मोदी सरकार की बम-बम

### तीसरी तिमाही में 8.4 फीसदी ग्रोथ, धरे रह गए सारे अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में उम्मीद से अधिक 8.4 फीसदी की दर से बढ़ा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह रफ्तार विश्लेषकों के अनुमानों को पार कर गई।

यह पिछली तिमाही में 8.1 फीसदी की बढ़ोतरी से काफी ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसी अवधि के लिए 6.5 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान लगाया था। जीडीपी में मजबूत बढ़ोतरी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

इस तूफानी रफ्तार के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के ग्रोथ के अनुमानों में भी बदलाव किया गया है। इन्हें पहले के 7 फीसदी के मुकाबले बढ़ाकर 7.6 फीसदी किया गया है।

## एक और केंद्रीय एजेंसी ने उड़ाई नेताओं की नींद

### लोकसभा चुनाव से पहले 600 अफसर खंगाल रहे बही-खाते

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनावों से ऐन पहले केंद्र सरकार की एक और एजेंसी हरकत में है। इससे राजनीतिक दलों, नेताओं और ऐसे वित्तीय संस्थानों की नींद उड़ गई है जो काले धन के लेन-देन में शामिल रहे हैं। देश की वित्तीय खुफिया इकाई ने करीब 600 अफसरों की एक टीम तैनात की है जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कॉपरेटिव बैंकों में कैश जमा और निकासी पर कड़ी नजर रख रही है। ये टीम चुनावों में काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिए राजनीतिक हस्तियों और उनसे जुड़े लोगों के खातों पर नजर रख रही है। एजेंसी ने हाल ही में पांच राज्यों में हुए



विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसे लेनदेन की रिपोर्ट करने में विफल रहे 12 कॉपरेटिव बैंकों की पहचान की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एफयूआई ने इस बार इनकम टैक्स, कस्टम, ईडी, राजस्व खुफिया निदेशालय और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के 600 अधिकारियों की एक टीम बनाई है, जो इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी उन सहकारी बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर रही है जो पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान भारी मात्रा में हुए कैश लेनदेन को रिपोर्ट करने में विफल रहे हैं।

## सोलर रूफ टॉप स्कीम पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

### एक करोड़ परिवार पाएंगे फ्री बिजली और साथ में करेंगे कमाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए 75 हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस स्कीम से देश के एक करोड़ परिवारों को फायदा पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में हुए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई मीटिंग में यह फैसला हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली



योजना को मंजूरी दी गई है। इससे एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में हर महीने मिल सकेगी। इस स्कीम के तहत प्रति एक किलोवॉट सिस्टम पर हर परिवार को 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा 2 किलोवॉट सिस्टम के तहत 60 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

## दो से अधिक बच्चों वाले माता-पिता को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

### सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा, कहा-नियम भेदभाव नहीं करता

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के 1989 के इस कानून को अब सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिल गई है। एससी ने पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक आदेश में ने 12 अक्टूबर 2022 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि राजस्थान सरकार का



नियम नीति के दायरे में आता है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। 2017 में रिटायर हुए पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने 2018 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के रूप में शामिल होने की मांग की थी। उनके आवेदन को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24(4) का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया था। इस नियम के तहत 1 जून 2002 के बाद पैदा हुए दो से अधिक बच्चे वाले व्यक्ति को नौकरी देने से रोकता है।

## एमपी के डिंडौरी में हादसा, 14 लोगों की मौत

### टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरी पिकअप, 20 घायल

**डिंडौरी (एजेंसी)।** डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें सात लोग अम्हाई देवरी के हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। पिकअप वाहन माल ढोने के काम आता है। इससे सवारी ढोने की



अनुमति नहीं होती है। बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा, वैधानिक कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

### मृतकों के परिजन को 4.70 लाख, घायलों को 1.50 लाख की सहायता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन और घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, कठिन समय में मदद करना हमारा फर्ज बनता है। मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जांच के बाद क्लियर होगा कि ड्राइवर ने दारू पी थी या नहीं। ये उसका निजी वाहन है। इसमें उसके परिवार के लोगों को ही बैठाया गया था।

### गिरफ्तारी के बाद भी दिखा शाहजहां शेख का अहंकार

## अकड़ दिखाते हुए कोर्ट में हुआ पेश टीएमसी ने खुद ठोकी अपनी पीठ

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को 55 दिन बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसे उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दस दिनों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। टीएमसी उसकी गिरफ्तारी पर खुद अपनी पीठ ठोक रही है। मिनाखान से तड़के गिरफ्तारी के बाद शेख को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर बशीरहाट की अदालत में पेश किया गया। राज्य पुलिस ने शेख को 14 दिन की हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत की मंजूर दी। जिस दौरान शाहजहां शेख को अदालत में पेश करने के लिए ले जाया गया, उस दौरान उसके चेहरे पर अहंकार दिखाई दे रहा था। अदालत में पेशी के दौरान शाहजहां शेख काफी अकड़ कर चलते हुए दिखाई दिया। उसकी बॉडी लैंग्वेज से उसकी अकड़ साफ देखी जा सकती है। इस दौरान, वहां पत्रकारों ने भी कई सवाल पूछे, लेकिन उसने उंगली के इशारे से जवाब देने से मना कर दिया। शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली से लगभग 30 किलोमीटर दूर मिनाखान में एक घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तार करने के बाद उसे बशीरहाट अदालत ले जाया गया।



इससे पहले, कलकत्ता हाई कोर्ट के बुधवार को कहा था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या पश्चिम बंगाल पुलिस शेख को गिरफ्तार कर सकती है।

### 1993 सीरियल बम ब्लास्ट केस

## 30 साल पुराने केस में आरोपी करीम टुंडा बरी

**अजमेर/जयपुर (एजेंसी)।** बहुचर्चित शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन सीरियल बम ब्लास्ट का मामले में गुरुवार को बड़ा फैसला आया। 1993 के सीरियल बम ब्लास्ट केस में आरोपी सैयद अब्दुल करीम टुंडा को अजमेर की टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया गया है। 1993 में 5 शहरों में हुए सीरियल ब्लास्ट केस में आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया है, जबकि दो आतंकवादियों इरफान और हमीदुद्दीन को दोषी करार दिया गया है। यह मामला साल 2014 से विचाराधीन था। इस मामले में टुंडा सहित करीब 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अजमेर की टाडा कोर्ट ने गुरुवार



29 फरवरी 2024 को कुख्यात आरोपी सैयद अब्दुल करीम टुंडा को 1993 के सीरियल बम ब्लास्ट मामले में बरी कर दिया। टुंडा के खिलाफ शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में हुए बम धमाके का मामला 2014 से विचाराधीन था। यह घटना 6 दिसंबर 1993 को राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में हुई थी। आतंकियों ने ट्रेन में सीरियल बम ब्लास्ट किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वीप प्लान व दिव्यांग मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान

**आरा/जगदीशपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर बुनियाद केंद्र सभागार में बुधवार को जिला दिव्यांग सशक्तीकरण कोषांग और बुनियाद केंद्र के तत्वावधान में स्वीप प्लान के अंतर्गत एवं दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्ध और दिव्यांगों को उनके लिए मतदान केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही सक्षम एप के बारे में भी अवगत कराते हुए सफल संचालन की प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की गई। इसके तहत दिव्यांग घर बैठे ही मतदान कर सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं से अनुरोध किया गया कि जान-पहचान के सभी मतदाताओं से मतदान करने का अनुरोध करें। सभी वृद्ध और दिव्यांगों को लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से वोट के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को उत्साहवर्द्धन को लेकर वाटर सेल्फी प्वाइंट के पास तस्वीर लेकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

### ट्रैक्टर रैली से पीएम का स्वागत करेंगे कार्यकर्ता

**बेगूसराय, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए 45 महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों का दायित्व हो जाता है कि प्रधानमंत्री का ट्रैक्टर रैली से स्वागत करें। प्रधानमंत्री ने बेगूसराय की चिर प्रतिक्षित अभिलाषा बरौनी खाद कारखाना चलाकर किया। ये बात शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक विवाह भवन में कार्यक्रम में बीजेपी किसान मोर्चा की बैठक में प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार व जिलाध्यक्ष सीताराम सिंह ने कहीं। प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री के आगमन पर जिले भर के 500 किसान ट्रैक्टर के साथ रैली करेंगे जो भगवा रंग के गमछा में होंगे। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संपर्क करें। मौके पर केंद्र सरकार की ओर से किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर पूर्व विधायक श्रीकृष्ण सिंह, समस्तीपुर प्रभारी विवेक गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुनील कुमार मुन्ना, जगन्नाथ, सुमन, सरोज राय, अमिय रंजन पोद्दार, कौशल, विजय, श्रीनिवास सिंह, रमाकांत सिंह, राजकुमार, विकास, मनीष, राजेश, राजीव, उत्तम, गोपाल, रामपुनीत, कुंकुन राम, उदगार महतो, अशोक सिंह आदि थे।


### पीएम की जनसभा के लिए आमंत्रण रथ को मंत्री ने किया रवाना

**बेगूसराय, एजेंसी।** 2 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली जनसभा के लिए बीजेपी के आमंत्रण रथ को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने झंडा दिखाकर उलाव हवाई अड्डा से रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 2 मार्च को 50 हजार करोड़ से अधिक की राशि की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के लिए बेगूसराय आ रहे हैं। बेगूसराय के वासी उनके आगमन को लेकर काफी उत्साहित हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद रजनीश कुमार, भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, जिला प्रभारी शशि भूषण कुमार, लोकसभा प्रभारी विकास प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन पप्पू, सुनील कुमार, मृत्युंजय कुमार वीरेश, रौनक कुमार, जिला महामंत्री कुंदन भारती, राकेश पांडे, रामप्रवेश सहनी, जिला मंत्री अमित देव, जिला प्रवक्ता शुभम कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित सन्नी, निरंजन प्रसाद सिंह, दीपक पोद्दार, नितिन, आयुष सहित अन्य मौजूद थे।

### वसुधा कल्याण आश्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को किया जागरूक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वसुधा कल्याण आश्रम की ओर से श्री तरुमित्र प्रज्ञा परिषद् एवं वरुणाराधना की ओर से एम प्रेप पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में बच्चों के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद् के सदस्यों ने विद्यालय के बच्चों को वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी विषयों के प्रति जागरूक किया। मौके पर श्री तरुमित्र प्रज्ञा परिषद् के अध्यक्ष देवेश्वर कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, अभिषेक कुमार, प्रीति कुमारी, सचिन, राजू कुमार, सांतनु कुमार, नरेश एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मोदी के प्रणाम को घर-घर पहुंचाने का टास्कः राजनाथ सिंह ने 6 घंटे में 6 सवर्ण बाहुल इलाके में मोदी की उपलब्धियां गिनाईं



**पटना, एजेंसी।** बिहार में बीजेपी अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। चुनाव की घोषणा का इंतजार किए बिना पार्टी के स्टार प्रचारकों के तूफानी दौरे शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में पार्टी के सीनियर लीडर और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को बिहार पहुंचे। इस दौरान लगभग 6 घंटे में उन्होंने सीतामढ़ी, सीवान, गोपालगंज, छपरा, महाराजगंज और गोपालगंज में कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए अलर्ट किया। वहीं, दरभंगा में रैली की। राजनाथ सिंह ने कहा कि वे मोदी का प्रणाम लेकर बिहार आए हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सवर्ण बाहुल मिथिलांचल में राजनाथ सिंह सबसे पहले सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौरा धाम पहुंचे। हालांकि मंदिर के जीर्णोधार पर कुछ भी बोलने से बचते रहे, लेकिन संदेश साफ है कि कूटनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाने वाले राजनाथ सिंह किस इरादे से मिथिलांचल पहुंचे थे। 6 घंटे में ताबड़तोड़ मीटिंग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मोदी के प्रणाम को पहुंचाने का टास्क दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी के नेतृत्व में धर्म, राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय स्वाभिमान के बुलंदी की गाथा सुनाई।

### सीता जन्मभूमि को पार्टी बना सकती है मुद्दा

अयोध्या में भव्य रामजन्म भूमि मंदिर के निर्माण के बाद अब बिहार में भी सीता जन्मस्थली की जगह भव्य मंदिर की मांग रफ्तार पकड़ने लगी है। यहीं वजह है कि उन्होंने अपने बिहार दौरे की शुरुआत सीता जन्मस्थली पुनौरा धाम से की। यहां उन्होंने पूजा भी की। संकेत साफ है कि बीजेपी आगामी लोकसभा चुनाव में सीता जन्मभूमि को अपने कोर एजेंडों में शामिल कर सकती है।

### सीतामढ़ी में नीतीश के मंसूबे पर पानी फेरने की तैयारी

नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन में रहते हुए अपने करीबी नेता और बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को आधिकारिक तौर पर सीतामढ़ी का कैंडिडेट घोषित किया था। इंडिया गठबंधन के वे पहले कैंडिडेट थे। उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी थी, लेकिन अब बीजेपी ने यहां से अपना उम्मीदवार उतारने का संकेत दिया है। सीतामढ़ी में राजनाथ सिंह ने कहा कि यहां तालाब है और कमल भी खिलेगा।

दरअसल, सीतामढ़ी से फिलहाल जदयू के ही सुनील कुमार पिंटू सांसद हैं, लेकिन नीतीश कुमार के एनडीए छोड़कर बीजेपी में जाने के बाद उन्होंने जदयू से बगावत कर ली थी। तब उन्होंने कहा था कि वे भाजपाई हैं और पार्टी के कहने के कारण ही वे यहां से जदयू के टिकट पर लड़े थे। अब ऐसे में जदयू की जगह वे भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ना चाहते हैं।

### सवर्णों को अपने पक्ष में एकजुट करने की कोशिश

पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं कि बीजेपी में राजनाथ सिंह की गिनती दिग्गज सवर्ण नेता के रूप में की जाती है। यही कारण है कि बिहार में उन्हें सबसे पहले सवर्ण बाहुल इलाके में भेजा गया। गोपालगंज, सीवान और छपरा भूमिहार और राजपूत बाहुल इलाका है तो मिथिलांचल में ब्राह्मण डोमिनेटिंग हैं। इन्हें बीजेपी का कोर वोट बैंक माना जाता है, लेकिन नीतीश कुमार के कारण अगड़ी जातियों का बीजेपी से मोहभंग होने की चर्चा गाहे-बगाहे होते रहती है। ऐसे में राजनाथ सिंह ने मोदी के कार्यों को गिना कर अपने पक्ष में एकजुट रहने का संदेश दिया है।

### दरभंगा में एंटी इनकम्बेंसी को दूर करने की कोशिश

बीजेपी के शुरुआती इंटर्नल सर्वे में दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर के नाम पर भयंकर एंटी इनकम्बेसी सामने आई थी। पार्टी दरभंगा से अपना उम्मीदवार बदलने की तैयारी कर रही थी। इस बीच चर्चा है कि कभी बीजेपी के टिकट से तीन बार दरभंगा का चुनाव जीत चुके कीर्ति आजाद राजद का दामन थाम सकते हैं और उन्हें दरभंगा से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। राजनाथ सिंह ने गोपाल जी ठाकुर के खिलाफ लोगों की नाराजगी कम करने की भी कोशिश की। उन्होंने मंच से उनकी जमकर तारीफ की। राजनाथ सिंह की रैली के बाद उनकी उम्मीदवारी बरकरार रहने की चर्चा इलाके में शुरू हो गई है।

# सड़क दुर्घटना में डाककर्मी के पुत्र की दर्दनाक मौत

**बेगुसराय/बलिया, एजेंसी।** बलिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर बुधवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक डाककर्मी के पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त युवक कान में हेडफोन लगाए हुए था और हेलमेट भी नहीं पहने हुए था। इसके कारण दुर्घटना होने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान लखमिनिया डाकघर में कार्यरत कर्मी के पुत्र के रूप में हुई है जो थाना क्षेत्र के मनसेरपुर निवासी स्व. रमेश प्रसाद सिंह का 25 वर्षीय पुत्र आनंद मोहन भारती बताया जाता है। आनंद मोहन भारती की मां लखमिनिया डाकघर में डाककर्मी के रूप में कार्यरत हैं जो लखमिनिया डाकघर का पार्सल लाने के लिए प्रत्येक दिन लखमिनिया रेलवे स्टेशन सुबह में बाइक से जाया करता था। बुधवार की सुबह भी बाइक से पार्सल लाने के लिए जा रहा था। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 फोरलेन पर एक लाइन होटल के समीप कट से पार करने के क्रम में खगड़िया की ओर से बेगूसराय की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे आनंद मोहन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने जब शव को उठाकर पुलिस के कब्जे में दिया जा रहा था तो उसी क्रम में उसके कान में हेडफोन लगा हुआ था। घटना को अंजाम देकर अज्ञात वाहन फरार होने में सफल हो गया। बताया जाता है कि मृतक आनंद मोहन तीन भाई है। जिसमें मृतक मंझला भाई था। मृतक का अपना मनिहारी का दुकान भी बलिया पटेल चौक पर है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। बलिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है।

# समस्तीपुर में रिलायंस ज्वेलर्स में 2 करोड़ की लूट


## स्टाफ को गन पॉइंट पर लिया, आईपीएल खिलाड़ी अनुकूल राय के पिता से भी लूटपाट

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में करीब 2 करोड़ की लूट हुई है। बुधवार की देर शाम कर्मचारी शोरूम बंद कर रहे थे। इसी दौरान 6 बदमाश पिस्टल लिए पहुंचे। कर्मचारियों को धमकाते हुए अंदर घुस गए और लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने वारदात को अंजाम तब दिया, जब करीब 9 बजे दुकान बंद करने की तैयारी की जा रही थी। लूटपाट करने के बाद सभी बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। कर्मचारियों के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बदमाशों ने शॉप में खरीदारी करने पहुंचे आईपीएल खिलाड़ी अनुकूल राय के पिता से भी लूटपाट की है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। सदर डीएसपी संजय पांडे ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शॉप के कर्मचारी से पूछताछ की गई, लेकिन वह कुछ भी बता नहीं रहा है।

**बदमाशों ने दो ग्राहक के साथ भी की लूटपाट :** बताया गया है कि जिस समय अंदर बदमाश घुसे थे उसे समय शहर के जाने-माने अधिवक्ता सुधाकर राय भी खरीदारी करने के लिए



पहुंचे थे। बदमाशों ने उनके साथ भी लूटपाट की। उनके पास 6 लाख रुपए थे। सुधाकर राय आईपीएल खिलाड़ी अनुकूल राय के पिता हैं।

घटना के दौरान पीड़ित अधिवक्ता सुधाकर राय ने बताया कि बदमाशों ने सभी को गन पॉइंट पर लेकर रूम में बंद कर दिया। फिर वारदात को अंजाम दिया। एएसपी संजय पांडे ने बताया कि अंदर 8 की संख्या में बदमाश घुसे थे। पहले दो बदमाश घुसे। फिर और बदमाशों को भी अंदर बुला लिया। भागने के क्रम में एक बदमाश की पिस्टल भी अंदर ही शोरूम में छूट गई, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। लूटे गए जेवरातों का मिलान कराया जा रहा है।

# विधानसभा में उठा अशोक पेपर मिल का मामला

**दरभंगा, एजेंसी।** बुधवार को हायाघाट विधायक रामचन्द्र प्रसाद ने हायाघाट प्रखंड के वर्षों से बंद पड़े अशोक पेपर मिल के 330 एकड़ खाली जमीन पर नए उद्योग लगाने एवं मिल के 471 कर्मियों के बकाए वेतन का भुगतान कराने हेतु सदन में शून्यकाल के माध्यम से सरकार से मांग किया। विधायक ने कहा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक - 08.07.1996 के आलोक में अशोक पेपर मिल का स्थानांतरण नोवियों कैपिटल फाइनेंस एनसीएफएल कंपनी के निदेशक धर्म गोधा को मिल चलाने के लिए दिया गया था, जिसे निदेशक धर्म गोधा नहीं चला पाए। उन्होंने कहा अशोक पेपर मिल रामेश्वर नगर जो 30 वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण इस क्षेत्र के लोगों को बेरोजगारी की संकट से गुजरना पड़ रहा है, तथा उद्योग धंधा बिल्कुल ठप है।

**नए उद्योग के स्थापना से बेरोजगारी दूर होगी :** बंद पड़े अशोक पेपर मिल का 330 एकड़ खाली जमीन जो बिल्कुल बेकार पड़ा हुआ है, यदि इस जमीन पर नए उद्योग का स्थापना होगा तो इस क्षेत्र की बेरोजगारी दूर होगी एवं लोगों को रोजी रोजगार का भी अवसर प्राप्त होगा तथा सरकार को भी राजस्व का लाभ होगा। साथ ही उन्होंने कहा अशोक पेपर मिल के 471 कर्मियों के बकाए वेतन जिसे पेपर मिल के निर्देशक श्री धर्म गोधा ने अभी तक भुगतान नही किया, उसे भी भुगतान कराने हेतु सरकार से मांग किया है।

### मौजूदा एनडीए सरकार में विकास की गति को दोगुना रफ्तार से

उन्होंने कहा इससे पूर्व भी मैने 08 जुलाई 2021 को तत्कालीन उद्योग मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन को ज्ञापन देकर अशोक पेपर मिल के खाली जमीन पर नए उद्योग लगाने एवं कर्मियों के बकाए



वेतन का भुगतान कराने हेतु आग्रह किया था। जिसके बाद उन्होंने अशोक पेपर मिल का स्थल निरीक्षण कर मिल जायजा लिया था, तथा जल्द नए उद्योग लगाने का भी आश्वासन दिए थे। परंतु महागठबंधन की सरकार ने इस मामले दबा दिया था। मौजूदा एनडीए सरकार में बिहार के विकास के गति को दोगुना रफ्तार से विकास के पथ पर ले जाने हेतु कृतसंकल्पित है तथा बिहार में उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने साथ ही नए नए उद्योग की स्थापना करने हेतु कई अहम फैसले लिए जा रहे है।

जिससे हायाघाट प्रखंड अंतर्गत अशोक पेपर मिल के खाली जमीन पर भी जलद नए उद्योग लगने के आसार नजर आ रहे हैं। इन्ही आकांक्षाओं के साथ आज बिहार विधानसभा में शून्यकाल के माध्यम से वर्षों से बंद पड़े अशोक पेपर मिल के 330 एकड़ खाली जमीन पर नए उद्योग लगाने एवं मिल के 471 कर्मियों के बकाए वेतन का भुगतान कराने हेतु सरकार से मांग किया।

### दु :ख नहीं, सुख में भी भगवान की करें आराधना : त्रिभुवन भास्कर शास्त्री

**आरा/पीरो, एजेंसी।** प्रखंड के गरहथा में चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में वृदांवन से पहुंचे कथा वाचक व संत त्रिभुवन भास्कर शास्त्री ने कहा कि केवल दुःख व विपत्ति के समय ईश्वर की आराधना नहीं करनी चाहिए। हर आम और खास को ईश्वर की आराधना अच्छे दिनों में भी करनी चाहिए। अच्छे दिनों में की गयी अराधना से भगवान प्रसन्न होकर विपत्ति आने ही नहीं देते हैं। विपत्ति आती भी है तो परीक्षा लेकर खुद चली जाती है। ऐसा देखा जाता है कि दुःख व विपत्ति आने पर लोग भगवान की आराधना के लिये मंदिर और धाम का चक्कर लगाने लगते हैं। साथ ही तरह-तरह के जतन करते हैं ताकि भगवान खुश होकर आयी विपत्ति दूर कर दें। इसी क्रम में कुछ लोग पाखंडी और ढोंगी के चक्कर में फंस कर जान तक गंवा देते हैं। ऐसी घटनाओं से लोगों को सबक लेना चाहिए। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनू पाण्डेय के अनुसार श्रद्धालुओं के आवासन और मनोरंजन के लिये उत्तम व्यवस्था की गयी है। रात में रुकने वाले श्रद्धालुओं को आयोजन समिति की ओर से सात्विक भोजन का भी प्रबंध किया गया है।



### कांग्रेस अपने दोनों बागी विधायकों की सदस्यता रद्द करवाने में जुटी, प्रदेश अध्यक्ष ने स्पीकर से की मांग

**पटना , एजेंसी।** बिहार में एनडीए ने राजद के बाद कांग्रेस के खेमे में भी सेंधमारी कर दी है. मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के दो विधायक जाकर सत्ता पक्ष के बेंच पर बैठ गए. यह नाटकीय घटनाक्रम विधानसभा मे भोजनावकाश के बाद हुआ. जब राजद की संगीता कुमारी के अलावा कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव को उप मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी के पीछे सदन के भीतर प्रवेश करते देखा गया. तीनों विधायक अब भाजपा के खेमे में शामिल हो गए हैं. वहीं कांग्रेस अब अपने इन दोनों बागी विधायकों की सदस्या समाप्त करने की तैयारी में लग गयी है. बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर सिद्धार्थ सौरभ और मुरारी प्रसाद गौतम की सदस्यता रद्द करने की मांग की.

**स्पीकर से की मांग, बागी विधायकों की सदस्यता रद्द हो.. :** कांग्रेस अपने दो बागी विधायकों की सदस्यता विधानसभा से रद्द कराने के लिए प्रयासरत है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने स्पीकर से अनुरोध किया है कि भाजपा के खेमे में जाकर मिल चुके कांग्रेस के दोनों विधायकों की सदस्यता समाप्त कर दी जाए. बता दें कि बुधवार को ही भाजपा ने कांग्रेस के दो और राजद के एक विधायक को अपने दल में मिलाकर महागठबंधन को फिर से झटका दिया है. कांग्रेस के बागी विधायकों में चेनारी विधानसभा से जीतकर आने वाले मुरारी कुमार गौतम और विक्रम से जीतकर आए कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरव हैं. जिनकी सदस्यता रद्द करने की मांग अब कांग्रेस कर रही है.

**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बोले.. :** वहीं कांग्रेस नेता अजीत शर्मा ने कहा कि इस घटना से आश्चर्यचकित हूं. उन्हें ये नहीं करना चाहिए था. पार्टी ने टिकट देकर उन्हें जिताया और वहां बैठाया है.

# 3 मार्च तक 14 जिलों में होगी बारिशः न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी दर्ज होगी गिरावट



## पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा। कल यानी 1 मार्च से लेकर 3 मार्च तक राज्य में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 14 जिलों में बारिश की संभावना को लेकर येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि 29 फरवरी को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 3 मार्च तक कई जिलों में हल्की बारिश होगी। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। इसकी वजह से सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस हो सकती है। इसके बाद मौसम सामान्य हो जाएगा।

### कहां कितना दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान भी 8.6 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी जिला सबसे ठंडा रहा। इसके अलावा पटना का न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस, गया का 12.2 डिग्री, नवादा 13.6 डिग्री, किशनगंज 10.5 डिग्री, बांका 14 डिग्री, भागलपुर 15.8 डिग्री, खगड़िया 14.2 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री से लेकर 16 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

### 1 से 3 मार्च तक इन जिलों में बारिश की संभावना

1 मार्च : सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर।

2 मार्च : पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी।

3 मार्च : कैमूर, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, शेखपुरा, पटना, नवादा, लखीसराय और बेगूसराय।

इन दिनों मौसम में बदलाव लगातार दिख रहा है। दिन में हल्का गर्म और रात में हल्की ठंड से शरीर एडजस्ट नहीं कर पा रहा है। बदल रहे इस मौसम के दौर में मायागंज अस्पताल में सर्दी-खांसी व बुखार के मरीज बढ़ गये। वरीय फिजिशियन डॉ. राजकमल चौधरी बताते हैं कि मेडिसिन ओपीडी में एक तरफ जहां इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 400 के पार हो गई तो सर्दी-खांसी, बुखार, एलर्जी व वायरल के मरीजों की संख्या 70 से 80 मरीज रोजाना मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को उल्टी-दस्त, पेट में दर्द से लेकर खांसी की दवा तक नहीं मिली। ओपीडी के दवा काउंटर पर कफ सिरप, ओफ्लॉक्सासिन, डी-साइक्लासासिन व डी साइक्लोमाइन दवा मरीजों को उपलब्ध नहीं है और उन्हें बाहर जाकर दवा खरीदनी पड़ी। मायागंज अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि इस समय ओपीडी में 72 तरह की दवा उपलब्ध है। वहीं जो दवाएं खत्म हैं, उनकी मांग मुख्यालय को भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौनाहा के पंचरुखिया चौक पर बलोरो के टक्कर से टेम्पू पर सवार गर्भवती की मौत



**बेतिया।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त गौनाहा -नरकटियागंज मुख्य मार्ग में पचरुखिया चौक के समीप बोलोरो व टेंपो के टक्कर में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई । घटना बुधवार की रात्रि 11 बजे की है। बोलोरो और टेंपो के आमने-सामने की टक्कर में गौनाहा थाना क्षेत्र के मुड़ली -मझरिया गांव निवासी उमेश महतो की गर्भवती पत्नी अरीना देवी (35 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि उसके पति उमेश महतो, उमेश की भाभी विश्वानाथ महतो की पत्नी चंदा देवी(40वर्ष), उसके छोटे भाई शत्रुघ्न महतो की पत्नी सरस्वती देवी(30 वर्ष), आशा कार्यकर्त्ता लालबिहारी की पत्नी आशा देवी(40 वर्ष) व ऑटो चालक नन्हू राउत जख्मी हो गये। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर सभी लोगों को इलाज के लिए नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल ले गयी । जहां डॉक्टरों ने अरिना देवी (35) को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि प्रसव पीड़ा के दौरान आशा कार्यकर्ताओं के साथ अरीना देवी को नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान यह घटना घटी। इस गाड़ी में मृतक का दो वर्षीय पुत्र मोहित भी शामिल था, जिसको हल्की चोट लगी है। घटना की पुष्टि लक्षनौता मुखिया तफरुल हयात ने की है।और दुःख भी ब्यक्त किया है।

### सर्वजन दवा सेवन अभियान



**छपरा।** सारण जिला सहित राज्य के अधिकांश जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित कर सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) चलाया गया था। जिस दौरान अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को दवा खिलाया गया है। हालांकि अब स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं द्वारा मॉप-अप राउंड राउंड चलाया जा रहा है। जिस दौरान दवा खाने से वंचित लाभुकों को खिला कर लक्ष्य को शत- प्रतिशत पूरा करना है, जिसमें आप सभी की सहयोग अपेक्षित है।

**आईडीए अभियान में सहयोगी संस्थाओं सहित नेटवर्क सदस्यों का मिला भरपूर सहयोगः सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान की समाप्ति के बाद जिले में अब मॉप-अप राउंड चलाया जा रहा है। जहां के विद्यालयों और संस्थानों में कार्यरत या अध्यनरत छात्रों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा, जो बूथ स्तर अभियान के दौरान वंचित रह गए थे। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित अन्य सहयोगी संस्थानों यथा- डब्ल्यूएचओ, पीरामल स्वास्थ्य, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सिफार), पीसीआई और नेटवर्क सदस्य सहित पेशेंट प्लेटफार्म से जुड़े लोगों के मदद से जिले की बड़ी आबादी को दवाओं का सेवन कराया गया है। वहीं प्रिंट और सोशल मीडिया के द्वारा लोगों में जागरूकता के कारण लक्ष्य को पूरा करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई है।

**पिछले दिनों आईडीए को लेकर आयोजित समीक्षात्मक बैठक के दौरान किया गया वादा को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना होगाः डॉ दिलीप**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि विगत 10 से 28 फरवरी तक जिले के सभी प्रखंडों फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कार्यक्रम अभियान चलाया गया था। जिस दौरान अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें हम लोगों ने काफी हद तक लक्ष्य को पूरा भी किया है। लेकिन अभी भी हमलेगो को शत प्रतिशत सफलता पाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। क्योंकि पिछले दिनों स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव राजीव मांझी और सारण के जिलाधिकारी अमन समीर के साथ समीक्षात्मक बैठक के दौरान आईडीए अभियान के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का वादा किया गया था। जिसको हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए।

**आईडीए अभियान के दौरान 38 लाख 88 हजार 813 पात्र लाभुकों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवाः डीवीबीडीसी**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार (डीवीबीडीसी) सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 49 लाख 98 हजार 566 जनसंख्या में 38 लाख 88 हजार 813 जिलेवासियों को सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के तहत दवा खिलाई गई है। जिसमें मुख्य रूप से एकमा में 213911, जलालपुर में 184234, मढ़ौरा में 304183, रिवीलगंज में 128699, सोनपुर में 292318, मांझी में 276510, लहलादपुर में 77235, पानापुर में 127297, अमनौर में 200473, छपरा सदर में 220473, परसा में 166372, मसरख में 188387, दरियापुर में 273934, मकेर में 74179, नगरा में 133323, इसुआपुर में 143200, तरैया में 129323, बनियापुर में 250460, गड़खा में 253533, दिघवारा में 117967 जबकि छपरा शहरी क्षेत्र में 132802 लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराया गया है।

### राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह ने मेंहदार में पुजा अर्चना कर दिया पुस्तकालय में बेंच



**छपरा।** ऐतिहासिक बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर परिसर में राष्ट्रीय एथलीट व झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक ने सुबह पहुँचकर अपने पत्नी तनूजा सिंह के साथ पुजा अर्चना कर समाज व क्षेत्र में शांति व विकास करने की कामना किया। पुजा अर्चना करने के बाद एकमा प्रखण्ड में पहले से सुनिश्चित विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी के सन्दर्भ में पचुआ गाँव में एक पुस्तकालय में करीब 20 जोड़ा बेंच भी दिए तथा इसके साथ ही कई उपयोगी किताबों को देने का वादा किए। पुस्तकालय के संचालक सुभाष सर, विजय सर, सहयोगी अखिलेश कुमार, मो0 शरीफ, अभिषेक, पृथ्वी आदि ने विकास सिंह का काफी प्रशंसा किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि उनकी दरियादिली समाज में कमजोर बच्चों को आगे बढ़ा रही है। इसी के साथ विकास सिंह ने छपरा जंक्शन पर गरीब, असहाय करीब दो सौ बच्चों को खाना खिलाया।

## कालीबाग में महिला का फंदे से लटका शव मिला

**बेतिया।** नगर के कालीबाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी करगहिया स्थित रजिस्टर कॉलोनी में गुरुवार की सुबह एक 30 वर्षीय महिला द्वारा आत्महत्या की खबर है। महिला द्वारा फांसी लगा कर आत्महत्या की गई प्रतीत होती है। महिला का शव कपड़े के सहारे बंद कमरे में पंखे से लटक रहा था और उसका दोनों घुटना बिछावन पर सटा हुआ था बेड के पास खाली शराब की एक बोतल तथा मीट का हड्डी पड़ा हुआ था। सूत्रों के अनुसार महिला रामबाबू नमक एक व्यक्ति के मकान में किराया पर रह रही थी सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस में दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जीएमसीएच में भेज दिया है। बताते चलेगी किसी इलाके में एक दिन पूर्व एक नाबालिक का पुलिस ने शव बरामद किया था जिसने अपने कथित प्रेमी द्वारा फोटो और वीडियो वायरल किए जाने से लोक लज्जा के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था ।

# जिलाधिकारी ने की श्रम संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धियों के आधार पर सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों के कार्यों का होगा मूल्यांकन**

चाणक्य भूमि। छपरा



सारण जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को श्रम संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से पांच आवेदनों का निष्पादन किया गया है तथा पांच आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के निबंधन की प्रक्रिया के तहत जिला में अद्यतन 77159 श्रमिक निबंधित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने इस श्रेणी के जिला के शत प्रतिशत पात्र श्रमिकों का निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 21 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 16 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। शेष लंबित पांच आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का निर्माण श्रमिकों को दिये गये लाभ की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नगद पुरस्कार योजना के तहत 55, दाह संस्कार योजना के तहत 207, मृत्यु लाभ योजना के तहत 395, विवाह सहायता योजना के तहत 1071, भवन मरम्मती अनुदान योजना के तहत 2, मातृत्व लाभ योजना के तहत 135, पितृत्व लाभ योजना के तहत 43 तथा पेंशन योजना के तहत 5 आवेदनों की स्वीकृति वर्तमान वित्तीय वर्ष में दी गई है। जिलाधिकारी ने जिला की कुल आबादी में संबंधित श्रेणी के श्रमिकों की औसत संख्या का आकलन करते हुए समानुपातिक संख्या में पात्र श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं से आच्छादित श्रमिकों की संख्या समानुपातिक रूप से आकलन करने पर वर्तमान में कम है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिये सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को फील्ड में घर घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करना होगा। नगद पुरस्कार योजना के तहत पात्र श्रमिकों के बच्चे की उच्च शिक्षा के लिये भी नियमानुसार सहायता की जानी चाहिये। ऐसे सभी पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करने को कहा गया। उन्होंने सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों (एलईओ) को अपने प्रखंड में दो पंचायतों का चयन करने का निदेश दिया। एक पंचायत योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर उपलब्धि वाला हो तथा दूसरा पंचायत कमतर उपलब्धि वाला हो। सभी एलईओ को दोनों चयनित पंचायतों में घर घर जाकर निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य में संलग्न श्रमिकों की पहचान करने को कहा गया। इस संख्या के आधार पर जिले का औसत भी मालूम हो सकेगा जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं के लिए लक्ष्य का निर्धारण समानुपातिक रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन एवं रैंकिंग उनके द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राप्त उपलब्धि के आधार पर किया जायेगा। बैठक में श्रम अधीक्षक एवं सभी श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया में कांस्य पदक जीतकर अनामिका ने सारण समेत पूरे बिहार का बढ़ाया मान

चाणक्य भूमि। छपरा




खेलो इंडिया सिनियर नेशनल वुमेन वुशू लीग 2024 का आयोजन ठाकुर विश्वनाथ सहदेव, इनडोर स्टेडियम मेगा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स रांची में 24 से 27 फरवरी तक किया गया। इस प्रतियोगियता में सारण की बेटी अनामिका ने कांस्य पदक जीत कर एक बार फिर जिले व राज्य को गौरवान्वित किया है। उनके कोच व सारण जिला वुशू संघ के सचिव पंडित विनयकुमार देवचंत बताते हैं कि वह बहुत ही मेहनती खिलाड़ी है। पिछले कई वर्षो से लगातार मेहनत कर रही है। इसके पूर्व भी खेलो इंडिया में उसने पदक जीता था। बताते चले कि समाज के कटाक्ष से परेशान होकर घर वालो ने खेलने पे रोक लगा दिया था। लेकिन, उनके कोच के समझाने के बाद फिर से घर वालो के सहमति से खेलना शुरू कर अपना व अपने पिता का नाम रोशन कर रही है। उनके पिता अनिल सिंह एंव परिवार के अन्य सदस्य बेटी की उपलब्धि देख बहुत ही खुश हैं। वहीं सारण जिला वुशू संघ के अध्यक्ष व पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा आज के समय में बेटिया बेटे से कम नहीं हैं। सारण के मिट्टी में मेहनत और लगन की कोई कमी नही है। बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। संघ के उपाध्यक्ष श्याम कुमार, राका सिंह, कुंवर जायसवाल व अन्य पदाधिकारी वरुण कुमार, अभिषेक किशोर, आलोक कुमार, कुमार कौशलेंद्र, बंटी यादव, अनिल कार्की और अन्य खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि के लिए अनामिका को बधाई दी है।

### पुलिस ने दो पियक्कर को किया गिरफ्तार

**छपरा।** पुलिस प्रशासन पियक्कर को सुधारने के लिए चाहे लाख प्रयास करे लेकिन वे सुधरने का नाम नही ले रहे हैं। पानापुर थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान एक ऐसे पियक्कर को पकड़ा जो पहले भी एकबार जेल की हवा खा चुका है। गिरफ्तार पियक्कर की पहचान थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव निवासी हाकिम मियां बताया जाता है। वही पुलिस ने सतजोड़ा बाजार से जब्त ओवरलोडेड ट्रक के खलासी एवं साहेबगंज थानांतर्गत देवसर गांव निवासी चंदन कुमार को भी नशे में होने के कारण गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि दोनों शराबियों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## पदाधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण



चाणक्य भूमि। छपरा

जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को पदाधिकारियों ने पानापुर प्रखंड के तीन पंचायतों में स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला सहकारिता पदाधिकारी हरिशंकर कुमार ने बेलौर, बीडीओ राकेश रौशन ने चकिया एवं सीओ महम्मद जमशेद ने सतजोड़ा पंचायत स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं मूलभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। बीडीओ राकेश रौशन ने बताया कि विद्यालयों में स्थित मतदान केंद्रों में पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था ठीक है। उन्होंने बताया कि कुछ मतदान केंद्रों में शौचालयों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए बने रैंप की स्थिति ठीक नही है जिसमे सुधार की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर शौचालयों एवं रैम्पो की दुरुस्त करा लें।

## वॉलीबॉल प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबला में रामकोला ने छपरा को 3-1 से किया पराजित





चाणक्य भूमि। छपरा

तरैया प्रखंड के डेवढ़ी ब्रम्हस्थान के प्रांगण में डेवढ़ी वॉलीबॉल प्रीमियर लीग 2024 सीजन 4 का आयोजन किया गया। इसमें छपरा, नाराव, मढ़ौरा, फतेहपुर चैन आमी, बसही, जनता बाजार, रामकोला बनिया पुर, एकारी, एकमा और बेला की टीमो ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला छपरा और रामकोला के बीच हुआ जिसमें रामकोला ने छपरा को 3-1 के सीधे सेटों से हराकर कप पर कब्जा जमा लिया। मैच के मुख्यातिथि के रूप में डेवढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया धनंजय सिंह और पूर्व सरपंच शत्रुघ्न सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, पूर्व सरपंच शत्रुघ्न सिंह, पवन प्रताप सिंह, मैच के आयोजन कर्ता राहुल कुमार, धनंजय पासवान, चंदन कुमार, शानीप्रकाश कुमार, राजीव सिंह, टिंकू सिंह, सीएसपी संचालक प्रीतम कुमार, अनूप कुमार, शुभम, अंकित, चंदन, डॉ अवधेश जी, सुमित सिंह, अनीश सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी व दर्शक उपस्थित थे।

## नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन





चाणक्य भूमि। छपरा

तरैया प्रखंड के नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर मे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पवन कुमार शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वर्ग 1-9 के प्रतिभागियों द्वारा प्रोजेक्ट बनाया गया जिसमें 32 स्टॉल लगे थे तथा क्विज का भी आयोजन किया गया। वर्ग चौथे को बायोस्फेयर मॉडल, पांचवे को फूड पिरामिड तथा छठे को ग्रीन सिटी के लिए चयनित किया गया। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन मे उसके योगदान का महत्व बताया। साथ ही छात्रों को रचनात्मक प्रयोगों के लिए प्रेरित भी किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के निदेशक पवन शर्मा, शिक्षक अनूप कुमार, सोनू कुमार, रघु शर्मा, राजवर्धन राज, सुधीर सिंह, गजेंद्र सिंह, सुनीता देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड और अंचल कार्यालय का किया गया निरीक्षण



चाणक्य भूमि। बेतिया

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं डीडीसी प्रतिभा रानी ने गुरूवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही पदाधिकारियों का क्षमताबर्द्धन करते हुए योजना पंजी, रोकड़ पंजी की गहन छानबीन की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यो की समीक्षा की। साथ ही मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन एंव चुनाव संबंधित विशेष रूप से जानकारी ली। डीएम ने बीडीओ पंकज कुमार,सीओ आशीष आनंद को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति, इंदिरा आवास, पेंशन तथा साक्षरता मद की राशि,सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण की। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड व अंचल कार्यालय की साफ-सफाई को लेकर बीडीओ को निर्देशित किया। डीएम ने पीडीएस,आइसीडीएस,जिविका एंव कौशल विकास केंद्र का भी निरिक्षण किए। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार,सीओ आशीष आनंद,एम ओ सुप्रीया कुमारी, आदि मौजूद रहे।

### दो मार्च से होगा नरकटियागंज गौनाहा रेलखण्ड पर ट्रेनों का परिचालन

**चाणक्य भूमि, बेतिया।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्ग नरकटियागंज से गौनाहा बड़ी लाइन का लोकार्पण वीडियो कन्फरेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2 मार्च को अपराह्न में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए समस्तीपुर के मुख्य कल्याण निरीक्षक तरुण कुमार शर्मा ने बताया कि विगत 8 वर्षो से अधिक समय से गौनाहा नरकटियागंज रेल खंड मे आमान परिवर्तन के लिए ट्रेन का परिचालन बंद था। लंबे अंतराल के बाद इस रेल खंड में ट्रेनों का परिचालन शुरू हो रहा है। उक्त रेल खंड में बड़ी लाइन के ट्रेन के परिचालन से प्रखंड के लोगों में खुशी की लहर है।

### 48 में 36 शस्त्र लाइसेंस का हुआ भौतिक सत्यापन

चाणक्य भूमि। नारदीगंज

लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर नारदीगंज थाना में लाइसेंसी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन तीसरे व अंतिम दिन गुरुवार को भी हुआ। मौके पर सीओ रईस आलम व थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद की मौजूदगी में नारदीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के चार लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया।अधिकारियों ने कहा तीसरे व अंतिम दिन मात्र चार लोगों ने ही शस्त्रों का सत्यापन कराया है। उन्होंने कहा तीसरे व अंतिम दिन तक 36 शस्त्रों का सत्यापन किया गया है। जबकि इस थाना क्षेत्र में 48 शस्त्र धारक हैं।

## होली होम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

चाणक्य भूमि। छपरा




तरैया प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव स्थित होली होम स्कूल में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक प्रोजेक्ट बनाया। इस प्रदर्शनी में बनाये गए प्रोजेक्ट सिक्युरिटी अलार्म (आदित्य गुप्ता) को प्रथम स्थान, सोलर सिस्टम (आदिल कुमार) को द्वितीय स्थान, एटीएम (शाहबाज) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रशासन ने पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रेमा देवी, रानी देवी, सुनीता देवी, संचालक राजीव गुप्ता, प्रबंधक संचालक भानु प्रताप गुप्ता, प्रिंसिपल दीपक गुप्ता, शिक्षक राजन सर, रोशन सर, अनुप्रिया, राजू सर, सोनू सर, पंकज सर, आसिफ सर, जुम्मादीन सर, सुहाना, पूजा, फारूक सर, बबन सर व अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाकपा माले ने नुक्कड़ सभा कर रैली में शामिल होने का किया आह्वान



चाणक्य भूमि। छपरा

पानापुर प्रखंड के कोंधभगवानपुर बाजार पर भाकपा माले ने बुधवार की शाम एक नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आगामी 3 मार्च को महागठबंधन द्वारा पटना गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली में शामिल होने का आह्वान किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कमिटी के सचिव सभापति राय ने कहा कि संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए केंद्र की तानाशाही एवं सांप्रदायिक सरकार को हटाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जातीय गणना कराकर दलितों, पिछड़ों एवं अतिपिछड़ों को प्रतिनिधित्व देने का काम भाजपा को नही पच रहा है। सभा को अनुज कुमार दास, विजय कुमार सिंह, संतोष कुशवाहा, नागेंद्र प्रसाद कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया।

# शिव शक्ति महायज्ञ तथा सामूहिक कन्या विवाह समारोह की शुरुआत


**पंचायत चंदरपुर रतवल और लक्ष्मीपुर के बीच मलंग बाबा के स्थान परिसर में 1101 कुमारी कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी**

चाणक्य भूमि। बेतिया



बगहा एक के मलंग बाबा के स्थान परिसर में नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शिव शक्ति महायज्ञ के पश्चात 28 फरवरी को महायज्ञ स्थल मलंग बाबा के स्थान परिसर से बुधवार के दिन भव्य कलश यात्रा जुलूस निकाला गया तथा जुलूस में हर हर महादेव के गगन भेदी नारा से पुरा वतावरण गूंज उठा इस महायज्ञ में मुख्य यजमान सुरेंद्र प्रसाद है। कलश यात्रा जुलूस लक्ष्मीपुर , पतिलार, लगुनाहा, बड़ा लगुनाहा, भठहिया होते हुए रतवल छठिया घाट पर पहुंची जब वैरियर चौक पर कलश यात्रा जुलूस पहुंची तो वहा पर रोटी बैंक बगहा द्वारा सभी कन्याओ तथा श्रद्धालुओ को सरबत और संतरा दिया गया रोटी बैंक बगहा के मृत्युंजय राव ने बताया की हमारा एक ही लक्ष्य है कोई भूखा ना सोये तथा वेद मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया उसके बाद सभी कुमारी कन्याओ ने अपने अपने माथे पर कलश लेकर मलंग बाबा के स्थान परिसर मे आई जिसके बाद सभी ने परीकर्मा किया और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया सभी ने प्रसाद लेकर अपने अपने घर चले गए। यज्ञ आयोजक पंडित माधव बाबा ने बताया कि 28 तारीख से यज्ञ प्रारंभ हुआ है। सुबह में प्रवचन का आयोजन के बाद रात में रामलीला का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा निकालकर शिव शक्ति महायज्ञ की सुरुआत की गई। इस कलश यात्रा में 1101 कुमारी कन्याओं के साथ दस हजार की संख्या मे महिला, पुरुष, व बच्चे शामिल रहे। नौ दिवसीय कथा का आयोजन भी किया गया जिसमे यूपी के लक्ष्मणपुर से पंडित राजेश चौबे ब्यास द्वारा कथा की जायेगी । साथ ही रामलीला का भी आयोजन किया गया यह रामलीला जनकपुर से आयी हुई है। आगामी 7 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति की जायेगी जिसके उपरांत 8 मार्च को 17 कुमारी कन्याओ की शादी संपन्न कराई जाएगी।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के खोये हुये मोबाइल लौटा रही है पुलिस





चाणक्य भूमि। बेतिया

मोतिहारी पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी हुई हुई 122 मोबाइल बरामद कर उसके मालिकों कों सौंपा। मोतिहारी जिले के सभी थाने क्षेत्र से विगत आठ माह में चोरी या गुम हुये मोबाइल को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर मोबाइल के मालिकों को सौंप दिया बताते चले की बरामद किए गए 122 मोबाइलों की कीमत लाखो रुपए हैं। इस संबंध में मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार ने बताया कि चोरी की गई मोबाइलों की शिकायत के लिए एक फॉर्मेट जारी किया गया था जिसे भरकर मोबाइल धारक को अपने स्थानीय थाना में देना था और फिर चोरी किए या गुम हुए मोबाइलों को बरामद करने के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलया गया और इस ऑपरेशन का तहत 122 मोबाइल पुलिस ने बरामद किया और उनके सही धारक को सौंप दिया। पुलिस कप्तान द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मोबाइल के मालिकों को बुलाकर अपने हाथों से मोबाइल को उनके हाथो में सुपुर्द किया। अपने गुम हुये मोबाइल को पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी के भाव साफ़ नजर आ रहे थे

# घुसपैठ करते हुए चीनी नागरिक गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। संवाद सूत्र



एसएसबी और भारतीय कस्टम विभाग की टीम ने मैत्री पुल से एक चीनी नागरिक को भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुसते हुये गिरफतार किया है। चीनी नागरिक की पहचान सत्तावन वर्षीय फेंग जैनशान के रूप मे हुई है वह नेपाल के काठमांडू में वीजा पर आया था। परन्तु उसके पास न तो भारत मे घुसने का वीजा नहीं था। जब SSB और कस्टम विभाग की टीम ने वीजा और पासपोर्ट मांगा तो उसने अपने मोबाइल में चीन का पासपोर्ट और नागरिकता कार्ड वहीं का दिखाया। उसके पास पासपोर्ट भी उपलब्ध नहीं था । स्थानीय प्रशासन द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है कि भारत में उसके घुसने की वजह क्या है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चीनी नागरिक 28 फरवरी को काठमांडू से बीरगंज बस से आया हुआ था। इसी दौरान नेपाल से भारत में बिना पासपोर्ट और वीजा के प्रवेश के दौरान 29 फरवरी को पकड़ा गया।

# योगापट्टी प्रखंड प्रमुख और उपप्रमुख ने अपनी कुर्सी गंवाई

**शायद प्रमुख और उपप्रमुख को इस बात का अंदेशा पहले से था इसी वजह से दोनों ने बैठक मे भाग नहीं लिया**

चाणक्य भूमि। बेतिया




योगापट्टी प्रखंड कार्यालय परिसर में आज दिन भर गहमागहमी का माहौल रहा। आज प्रखंड प्रमुख और उपप्रमुख के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान होना था। प्रशासन द्वारा इसके लिये चुस्त-दुरुस्त वयवस्था की गई थी। बारह बजे निश्चित समय पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कारवाई शुरू की गई। परन्तु प्रमुख और उपप्रमुख द्वारा बैठक मे भाग नहीं लेने से दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो गई । जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा एक घंटे तक इंतजार के विधिवत तरीके से कारवाई शुरू की गई जिसमे प्रमुख पद पर अविश्वास के पक्ष में 17 वोट पड़े जबकि उपप्रमुख के ऊपर लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 19 मत पड़े।

# एएसआई पर मझौलिया थाना में केस दर्ज

चाणक्य भूमि। संबाद सूत्र, बेतिया



मझौलिया थाना में पदस्थापित एएसआई मो.औरंगजेब,चौकीदार मुन्ना अंसारी तथा मो.मकसूद नामक एक युवक पर मझौलिया थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा केस दर्ज किया है। बेतिया के सदर डीएसपी माहताब आलम ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों से जांचोपरांत केस दर्ज की गयी है। केस में पुलिस अधिकारी समेत दो अन्य को नामजद किया गया है।आरोपी एएसआई मो.औरंगज़ेब ने गलत तरीके से चौकीदार के साथ मिलकर निजी बोलेरो से लौरिया के बरवा कला गये।वहाँ से मझौलिया थाना कांड संख्या 197/24 के आरोपी अभियुक्त नेयाज आलम को गिरफ्तार किया और हाजत में बंद नही किया।इधर गिरफ्तार व्यक्ति के परिजन एसडीपीओ की इस कांड की जानकारी दी।तहकीक़त के बाद यह कार्रवाई की गयी।

# एटीएम में रुपये नही होने से उपभोक्ताओं की सिरदर्दी बढ़ी

चाणक्य भूमि।(कनकलता) बेतिया

गुरुबार को मझौलिया मिल गेट के सामने अवस्थित एसबीआई और पीएनबी के एटीएम में रुपये नदारत है।उपभोक्ता तीन दिनों से लगातार सिर धुन रहे है।एटीएम में पैसा कब उपलब्ध होगा इसकी कोई सूचना भी सार्वजनिक नही किया गया है।यहां प्रतिनियुक्त गार्ड सिर्फ एक शब्द ही बोलकर अपने कर्तव्य का इतिश्री कर लेते है कि रुपया नही है।रुपये निकासी करने आये किसानो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि एटीएम में रुपये नही होने से उपभोक्ताओं की भागदौड़ बढ़ गयी है।29 फरवरी माह का अंतिम दिन था।दो दर्जन से अधिक लोग बैरंग लौट गये।उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें डाकघर में आवर्ती योजना का क़िस्त जमा करना था परंतु मझौलिया के किसी भी एटीएम में रुपये नही थे ,अब उन्हें विलंब शुल्क के साथ क़िस्त भरना होगा।बैंक प्रवंधन की लापरवाही से सभी परेशान दिखे।

# सांसद विधायक कोष से होने वाले निर्माण में गुणवत्ता की कमी क्यूँ

**परंतु बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्या वजह है कि जो जनप्रतिनिधि विकास के लिए योजना देते है वो किस वजह से कार्यो में अनियमितता पर चुप रहते है**

चाणक्य भूमि। बेतिया




सांसद विधायक और जनप्रतिनिधियों के कोष से होने वाले जनहित के कामों में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। बानुछापर में सांसद विकास फंड से नौ लाख रुपये से बनी गली उद्घाटन से पूर्व ही धंसी हुई दिखाई पडी है। स्थानीय लोग हालांकि कुछ बोलने से हिचकिचाते दिखे। इस सम्बंध में विभाग के अधिकारियों ने जाँच की बात कह कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली। हालाँकि यह पहला ऐसा मामला नहीं है जब जनप्रतिनिधियों के विकास के लिये काम करने वाले संगठन स्थानीय क्षेत्र अभियंता कार्य प्रमंडल के कार्यो में अनियमितता देखी गई है।

# दक्षता के लिये "आशा" का आवासीय प्रशिक्षण मुज़फ्फरपुर में शुरू



चाणक्य भूमि।(कनकलता) बेतिया

सीएचसी मझौलिया से जुड़े "आशा " कार्यकर्ताओ की टीम गुरुवार को मुजफ्फरपुर रवाना हुई।जानकारी सीएचसी मझौलिया के बीसीएम राजेश कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि 45 आशा कार्यकर्ता सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिये मुज़फ़्फ़रपुर भेजी गयी है।प्रशिक्षण को लेकर आशा कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा।बीसीएम ने बताया कि कुल 60 आशा कार्यकर्ताओं तथा फेसिलेटर को जाना था परंतु पांच आशा कतिपय अपरिहार्य कारणों से नही जा सकी।बताते चले कि वर्ष 2016 से ही ये "आशा"कार्यरत थी परंतु अबतक इनका प्रशिक्षण नही हुआ था।अब इनलोगो का स्वास्थ्य विभाग द्वारा विधिवत प्रशिक्षण शुरू हो गया। इनकी दक्षता बढ़ जायेगी।बताते चले कि प्रशिक्षण के दौरान आशा को प्रत्येक पहलुओं की जानकारी दी जायेगी,जिसमे सर्वे करना,टीकाकरण,प्रसव पूर्व ध्यान रखने योग्य बाते आदि की जानकारी दी जायेगी।मझौलिया से प्रशिक्षण के लिये जानेवाली आशा कार्यकर्ताओं में कांति देवी,ममता देवी,कनक देवी,दुर्गा देवी, कलिमा खातून समेत अन्य के नाम उल्लेखनीय है।

# 5 दिनों से लापता युवक का शव मिला



चाणक्य भूमि। बेतिया

नौतना थाना क्षेत्र के सोफवा टोला गांव निवासी सुदामा प्रसाद का बेटा चंदन पटेल जो पिछले पाँच दिनों से लापता था उसका शव MJK कॉलेज के उतरवारी गेट के पास स्थित पोखरे से मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज कर मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दें कि चंदन शहर के एक मॉल में काम करता था। रविवार रात 9:52 बजे फोन कर अपनी मां से बोला कि रास्ते में हूं, कुछ देर में घर आ जाएंगे। इसके बाद उसका नम्बर बंद हो गया। चंदन देर रात तक जब घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन शुरू कर दिया। लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनो द्वारा नगर थाने में उसके गुम हो जाने की सूचना दर्ज कराए थे।

































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली - 11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266